माह अक्टूबर की एसीबी रिपोर्ट

माह अक्टूबर 2022 तक (इस वर्ष में) भ्रष्टाचार के 425 प्रकरण एसीबी राजस्थान द्वारा पी.सी. एक्ट के तहत पंजीबद्व किये गये हैं। इनमें 390 ट्रेप, 18 आय से अधिक सम्पत्ति के तथा 17 प्रकरण पद के दुरूपयोग के सम्मलित हैं।

वर्ष 2021 में 414 प्रकरण पंजीबद्व हुए थे जबकि वर्ष 2020 में 253 प्रकरण पी.सी. एक्ट के पंजीबद्व हुए थे। ट्रेप की संख्या 390 इस अवधि की अब तक की सर्वाधिक हैं। (इस माह में हुए प्रमुख ट्रेप की सूची संलग्न है।)

इस वर्ष अब तक 549 प्रकरणों में एसीबी मुख्यालय द्वारा निस्तारण आदेश अनुसंधान पूर्ण होने के उपरान्त दिये गये है, यह संख्या वर्ष 2020 में 189 व 2021 में 614 प्रकरणों की थी।

न्यायालय में अनुसंधान पूर्ण होकर प्रस्तुत किये गये अन्तिम प्रतिवेदनों में भी इस अवधि में कीर्तिमान स्थापित हुआ है। अब तक 490 प्रकरणें में अन्तिम नतीजा प्रस्तुत किया गया, जिनमें 383 चालान व 107 एफ.आर. सम्मलित हैं। वर्ष 2020 में इसी अवधि में 217 प्रकरणें में तथा 2021 में 382 प्रकरणें में अन्तिम नतीजा अनुसंधान प्रस्तुत किया गया।

माह अक्टूबर 2022 के महत्वपूर्ण प्रकरण

क्रम सं.	प्रकरण संख्या	विवरण
1.	395/2022	प्रकरण में दिनांक 07.10.2022 को प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय सयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा जोधपुर को माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर के आदेश की पालना में पदस्थापन आदेश जारी करने की एवज में रिश्वत राशि परिवादी से 25,000 रू रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया गया।
2.	396/2022	प्रकरण में दिनांक 08.10.2022 को वार्ड पार्षद एवं अन्य, विजयनगर, जिला अजमेर को परिवादी से सीसी सड़क के बिल पास करने की एवज में रिश्वत राशि 30,000रू रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया गया।
3.	400/2022	प्रकरण में दिनांक 12.10.2022 को अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका खेडली जिला अलवर द्वारा परिवादी से उसकी दुकानों को अवैध बताकर उन्हे नहीं तोडने तथा रिपोर्ट परिवादी के पक्ष में देने की एवज में रिश्वत राशि 5,00,000 रू रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया गया।
4.	401/2022	प्रकरण में दिनांक 12.10.2022 को ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत गोरण पंचायत समिति झाडोल फलासिया जिला उदयपुर को परिवादी श्री बिल्डिग निर्माण कार्यो के बिल पास करने की एवज में रिश्वत राशि 40,000 रू रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया गया।
5.	404/2022	प्रकरण में दिनांक 13.10.2022 को शाखा प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक शाखा हरदास का बास तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर एवं अन्य को परिवादी से मुद्रा ऋणों की एनओसी जारी करने की एवज में रिश्वत राशि 5,000 रू रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया गया।
6.	411/2022	प्रकरण में दिनांक 17.10.2022 को हैड कानिस्टेबलगण पुलिस थाना रखियाल जिला गांधीनगर गुजरात को परिवादी से पुलिस थाना रखियाल में दर्ज प्रकरण संख्या 214/2022 से नाम हटाने की एवज में 1,11,000 रू की रिशवत लेते गिरफ्तार किया गया।
7.	416/2022	प्रकरण में दिनांक 19.10.2022 को अधिशाषी अभियंता एवं सहायक अभियंता, राज0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड खण्ड टर्मिनल मार्केट जयपुर को परिवादी से पासशुदा बिल एवं पेण्डिग बिल पास करने की एवज में एवज में रिश्वत राशि 30,000 रू रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया गया।
8.	418/2022	प्रकरण में दिनांक 20.10.2022 को पटवारी, पटवार हल्का पूंजला तहसील व जिला जोधपुर को परिवादी से जमीन का म्यूटेशन करने एवं जमीन की तरमीम कराने एवं गिरदावरी, जमाबन्दी, नक्शा, ट्रेस देने की एवज में 25,21,000रू (25 लाख डमी करेन्सी के नोट एवं 21 हजार रूपये भारतीय मुद्रा के नोट) रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।
9.	423/2022	प्रकरण में दिनांक 22.10.2022 को पटवारी, पटवार हल्का फतेहपुरा खुर्द अति0 जार्च पाथरेडी राजनोता, तहसील पावटा जिला जयपुर को परिवादी से नामान्तरण खोलने की एवज में 35,000 रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।
10.	424/2022	प्रकरण में दिनांक 22.10.2022 को चेयरमैन, नगर परिषद जिला सवाईमाधोपुर को परिवादी से बकाया बिलों का भूगतान करवाने की एवज में 30,000 रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

COMPERATIVE REGISTRATION & DISPOSAL UP TO 31 OCT.

YEAR	REGISTRATION				HQ. DISPOSAL ORDERS	DISPOSAL(SUBMIT IN COURT)		
	TRAP	D.A.	M.O.	TOTAL	TOTAL	FR	CHALLAN	TOTAL
2020	225	6	22	253	189	32	185	217
2021	361	23	30	414	614	57	325	382
2022	390	18	17	425	549	107	383	490

OCT. 2022	30	1	2	33